तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 15 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं व स्वच्छ नगर...

11 चावल तस्करी से महिलाओं में आक्रोश, कलेक्टर ...


## खबर संक्षेप

### मांझीटोला स्कूल में नेवता भोज

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला मांझीटोला में गत दिनों स्व गैंदलाल घावड़े की स्मृति में उनक पुत्र पवन घावड़े एवं परिजनों ने नेवता भोज का आयोजन किया। नेवता भोज में प्रधानपाठक परमेश्वर साहू, शिक्षक अजय उसारे, एसएमसी अध्यक्ष मिलन परतेती, ग्राम पटेल मनसुख सिन्हा, गोंडवाना समाज क क्षेत्रीय अध्यक्ष संतराम नेताम शामिल हुए। इस मौके पर बच्चों को चावल, दाल, सब्जी, सलाद, बड़ा, पुरी, पापड़ आदि खिलाया गया।

### भाजपा का सेवा पखवाड़ा 17 से

**डोंगरगढ़।** सेवा पखवाड़ा को लेकर ग्रामीण मंडल डोंगरगढ़ के ग्राम ढारा में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाने का आह्वान किया गया है। पखवाड़ा के तहत विभिन्न सेवा कार्यों आयोजित किया जाना है। इस संबंध में डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल ने 12 सितंबर को कार्यशाला का आयोजन किया था जिसमें पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, जिला सह संयोजक जैन कुमार मेश्राम शामिल हुए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, उपाध्यक्ष हीरा वर्मा, उपकार साहू, छबिल साहू, लखन जंघेल, जीवन वर्मा, तेजलाल वर्मा, मंडल अध्यक्ष अनिल सिन्हा, रवि यादव, धरमचंद वर्मा, मनीष सोनी, जितेंद्र, हेमलाल, आरती जंघेल, नामदेव साहू, झुलेन्द्र वर्मा, राघवेंद्र वर्मा, कन्हैया वर्मा, सतीश वर्मा, लखन देशलहरा, पुसउ रजक सहित अन्य शामिल हुए।

### बिजली कटौती से बढ़ी लोगों की परेशानी

**डोंगरगढ़।** अघोषित बिजली कटौती इन दिनों एक बड़ी और गंभीर समस्या बन गई है। बिजली कटौती की मार झेल रहे उपभोक्ताओं अब भारी भरकम राशि का बिल थमा दिया गया है जिसे लेकर भी जनता में जमकर नराजगी देखने मिल रही है। जनता की शिकायत को दूर करने के बजाए विद्युत मंडल के अधिकारी अवैध कनेक्शन को बढावा देने में लगे है। वहीं स्थाई कनेक्शन देने की आड़ में अवैध वसूली की जा रही है। ढारा के जेई अमन बंसाड़े ने बताया कि कर्मचारियो द्वारा अवैध वसूली करने की जानकारी मिली है।

### मेरा युवा भारत कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** कॉन्फ्लूएंस महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और मेरा युवा भारत अभियान राजनांदगांव भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें कल्याणकारी योजना से परिचित कराना था।

# नवागढ़ शराब दुकान में मिलावट का हुआ खुलासा, प्लेसमेंट एजेंसी पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बीते रविवार सुबह आबकारी विभाग का उड़न दस्ता नवागढ़ शराब दुकान पर पहुंचा तो दुकान में हड़कंप मच गया। बोतलें खोली गईं तो शराब से ज्यादा पानी निकला। मौके से सात पेटी यानी 336 पौवा मिलावटी शराब जब्त की गई और सभी नौ कर्मचारियों पर आबकारी अधिनियम की धारा 138 समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज हुआ।

लेकिन कार्रवाई यहीं थम गई और मामला केवल कर्मचारियों तक ही सीमित रह गया। शराब में पानी मिलाने के कांड में नया मोड़ सामने आ रहा है। हरिभूमि ने कर्मचारियों के लिखित बयान की कापी हासिल किए जिसमें कार्रवाई के बाद कर्मचारियों ने विभाग को लिखित बयान दिया। इसमें साफ कहा गया कि वे यह सब जिला समन्वयक (प्लेसमेंट) एजेंसी के कर्ताधर्ता संतोष यादव के दबाव में करने को मजबूर थे। आरोप है कि उन्हें ब्लैक लिस्ट करने की धमकी दी जाती थी, जबरन मिलावट करवाई जाती थी और पैसों की भी मांग की जाती थी।कर्मचारियों के इस कबूल नामे के बाद आबकारी महकमे में हड़कंप मच गया ओर इस मामले को दबाने के प्रयास में जुट गई है। क्योंकि इस मामले पर धारा 138 समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज होने का वक्त पूरा एक सफ्ताह बीत चुका है।

**वायरल वीडियो में थाना प्रभारी की कथित शराब छूट चर्चा:** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है ▶▶| शेष पेज 11 पर

## मिलावटी शराब मामले में कर्मचारी फंसे, पर असली मालिक अब भी गिरफ्त से बाहर

### कर्मचारी फंसे, समन्वयक अब भी सुरक्षित

स्थानीय सूत्र बताते हैं कि पीकरी शराब दुकान सहित कई मामलों में पहले भी कर्मचारियों ने प्लेसमेंट पर इसी तरह के आरोप लगाए थे। लेकिन तब भी विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब एक बार फिर वहीं स्थिति है कर्मचारियों के लिखित बयान के बावजूद जिला समन्वयक पर न तो नोटिस जारी हुआ और न ही कोई जांच शुरू हुई। लोगों का कहना है कि नवागढ़ तो बस ट्रेलर है। जिलेभर की शराब दुकानों में यही खेल लंबे समय से चल रहा है। सवाल यह है कि विभाग बड़ी मछलियों पर हाथ डालने से क्यों बच रहा है। क्या चुप्पी ही संरक्षण का दूसरा नाम है?


शराब दुकान पर दबिश, 7 पेटी मिलावटी शराब जब्त, 9 कर्मचारी पर हुई कार्रवाई

### निष्पक्ष जांच कराए

ग्राहकों का व्यंग्य भी कम नहीं। एक बोतल हाथ में लिए ग्राहक ने कहा हम इतने दिनों से शराब नहीं, धोखा पी रहे थे। बोतल खोलते ही नशा उड़ जाता था और पानी का स्वाद रह जाता था। असली नशेड़ी हम नहीं, यह सिस्टम है। जब कर्मचारी लिखित रूप से दबाव का आरोप लगा रहे हैं तो विभाग की जिम्मेदारी है कि निष्पक्ष जांच कराए। लेकिन केवल कर्मचारियों पर गाज गिराना और बड़े नामों पर चुप रहना, विभाग की मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। जनता का सवाल अब बिल्कुल साफ है जिले का आबकारी विभाग आखिर किसके दबाव में और किसे संरक्षण दे रहा है? इस मामले में आबकारी विभाग के अधिकारियों से आगे की कारवाई पर पूछने पर विभाग ने चुप्पी साध ली।

**दिवस**

## शिक्षक सम्मान समारोह सहित रक्तदान शिविर का आयोजन

# सेवानिवृत 27 शिक्षकों के साथ 42 टीचरों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

बेरला के कृषि उपज मंडी परिसर में 13 सितम्बर को विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह और रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। लगातार 32 वर्ष से यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षकों के साथ ही टीचरों को सम्मान अतिथियों ने किया। प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं को भी समारोह में सम्मानित किया गया।

■ प्रतिभाशाली छात्र- छात्राओं को भी किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक दीपेश साहू, अध्यक्षता जिला पंचायत बेमेतरा की अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी,पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विशाल राज देशलहरा, तहसील साहू संघ अध्यक्ष सूर्यकान्त साहू, वक्ता के रूप में रमेन्द्रनाथ मिश्र सेवानिवृत्त प्रोफ़ेसर पंडित रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर मौजूद रहे। रवि श्रीवास्तव पूर्व उप प्राचार्य छग प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन सहित बेरला विकासखंड के इस सैकड़ों शिक्षकों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में शिक्षक इकेश साहू एवं उनके टीम ने संगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती और डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। बेमेतरा विधायक दीपेश साहू सहित सभी अतिथियों के माध्यम से उपस्थित सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों का और वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों का सम्मान किया गया। वक्ता डॉ. रमेन्द्र नाथ मिश्र ने कहा की शिक्षक के पास शब्दों की सेना होती है जिससे वह समाज में फैल रही धर्मांधता और कुरीतियों को कुचला जा सकता है। पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि ऐसा कोई नहीं जो अपने गुरु की याद न करता हो। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि आज जो भी है सब गुरुजनों की देन है। बेरला ब्लॉक के शिक्षकों में शिक्षा के प्रति एक अलग ही लगन देखने को मिलती है। आज गुरूजनों का सम्मान करके स्वयं सम्मानित हो रहा हूँ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हमारे संकुल समन्वयकों की होती है।



### इनका हुआ सम्मान

इस सत्र में कुल 27 शिक्षकों की सेवानिवृत्ति हुई। जिनका समिति द्वारा मंच के माध्यम से शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह तथा एक पेड़ माँ के नाम के तहत डॉ. राजेंद्र झा प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका द्वारा पेड़ भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही इस वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने वाले 42 शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। सूर्यकांत साहू तहसील अध्यक्ष ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को चांदी के मेडल से सम्मानित किया। जिसमें विकासखंड के 10 वीं और 12 वीं में प्रथम और द्वितीय आने वाले छात्र- छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। क्षेत्र के गौरव और राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कंडरका की नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन का भी शाल, श्रीफल, प्रतीक चिन्ह, व प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया।

### मनोज ने 16 वीं बार किया रक्तदान

रक्तदान शिविर में भी शिक्षकों की सहभागिता रही। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कुछ शिक्षकों ने रक्तदान किया। 26 लोगों ने रक्तदान किया, जिससे किसी भी जरुरतमंद लोगों को मदद मिल सके। जिसमें मनोज वर्मा ने 16वीं बार रक्तदान किया। इनके अलावा सुरेंद्र पटेल, जेपी यादव, भागीरथी उर्वशा, आशीष पांडे, नीतू परगनिहा, बृजकिशोर रेवती नारंग, रंगीता कुशल साहू, रविन्द्र साहू, जनतोष साहू, रोहित माहेश्वरी ने भी सहभागिता निभाई।

### ये रहे उपस्थित

समारोह में शिक्षक सम्मान समिति के अध्यक्ष भिखूराम साहू, सचिव सुरेंद्र पटेल, राजेश यादव, शिव धनकर, कुशल साहू, आशीष पाण्डेय, मनोज वर्मा, अशोक साहू, वरुण आडील, प्रफुल्ल वर्मा, योगेन्द्र साहू, गंगाधर दुबे, योगेन्द्र वर्मा, जलेश जांगडे, सुरेश निर्मलकर, डोमन साहू, प्रह्लाद टिकरिहा, डॉ राजेंद्र झा, डॉ राजेंद्र पाटकर, ताकेश्वर साहू, ललित टिकरिहा, केवरा सेन, दीपा आडील, सीमा साहू, उमा साहू, रमा तरार, फुलेश्वरी भूआर्य, सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक उपस्थित हुए।

# पत्नी व 5 साल का बेटा लापता पति ने दर्ज कराई थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के एक व्यक्ति खेलन साहू ने अपनी पत्नी अन्नपूर्णा साहू और पाँच वर्षीय बेटे तुषार साहू की गुमशुदगी की शिकायत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 13 सितंबर, 2025 की सुबह 7 बजे से वे दोनों लापता हैं।

खेलन साहू के अनुसार, उनकी पत्नी अन्नपूर्णा ने पितर मिलान के लिए मायके जाने की बात कही थी। इस पर खेलन उन्हें ग्राम टाटीकसा से बाइक से बस स्टैंड थानखमरिया तक छोड़ आए, जहाँ से वे सिमगा के लिए बस में बैठ गए। उनका सिमगा से बिलासपुर होते हुए मायके ग्राम सेमरिया पहुँचने का कार्यक्रम था।



### संपर्क टूटा और तलाश शुरू

जब शाम 4 बजे तक वे मायके नहीं पहुँचे और उनका मोबाइल भी बंद हो गया, तो परिवार और रिश्तेदारों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल पाई। खेलन साहू ने अपनी शिकायत में यह भी साफ किया है कि उनके और उनकी पत्नी के बीच कोई विवाद नहीं है और उन्हें अपनी पत्नी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने पुलिस से अपनी पत्नी और बेटे को जल्द से जल्द सुरक्षित वापस लाने की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

### वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक आज

**बेमेतरा।** जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने बताया है कि 17 सितंबर कृषि उपज मंडी प्रांगण में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के जिले प्रवास एवं वोट छोड़ गाड़ी छोड़ अभियान के अंतर्गत होने वाली जनसभा के तैयारी के संदर्भ में 15 सितंबर सोमवार राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक रखी गई है। प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि बैठक में कार्यक्रम के रूपरेखा एवं तैयारी की समीक्षा की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से पूर्व कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे, गुरु रुद्र कुमार तथा पूर्व संसदीय सचिव गुरुदेव से बंजारे उपस्थित रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने बताया कि 17 तारीख को बेमेतरा के पावन धरती पर पहली बार छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट का आगमन होने जा रहा है जिसे देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। कार्यक्रम के रूप रेखा क्या होगी, तैयारी की समीक्षा हेतु राजीव भवन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक रखी गई है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से सम्मिलित होने की अपील की है।

# मुड़पार में कीचड़ से परेशान ग्रामीण



**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला के एक छोटे से ग्राम पंचायत मुड़पार की बात की जाए तो यहां के कई ऐसे गली है जहां पर साल भर पूरे बारह महीने कीचड़ से ग्रामीण परेशान रहते है। जिनकी व्यवस्था व मूलभूत सुविधा के लिए शासन प्रशासन द्वारा विकास के लिए राशि आने कब बाद भी सही उपयोग नहीं होने की उदासीनता सामने आ रहे है।

आपको बता दें कि ग्राम मुड़पार के गली में लगातार पानी बहने बल्व जाम होने से कीचड़युक्त हो गए है। बहुत दिनों से पानी की जमाव के कारण बदबू आने लगे है। साथ ही मच्छर पनपने लगे है जिसके काटने से गंभीर बीमारी फैलने का भय लगा रहता है। ग्राम पंचायत मुड़पार के लोग वर्षों से समस्याओं से जूझ रहे है। इन्हें सुलभ जीवनयापन के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्हें मताधिकार तो मिला है लेकिन इसका फायदा चुनाव लड़ने वालों तक सीमित है। चुनाव जीतने के बाद सरपंच से लेकर विधायक-सांसदों को इस गांव की बेहतरी के लिए समय नहीं मिला। ये हालात यकायक नहीं बने, बल्कि आजादी के बाद से ही उपेक्षा का दंश इस गांव के लोग भोगते आ रहे है। जनप्रतिनिधि इस ओर झांकने तक नहीं आते।

# सरकार की योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना हो सबका लक्ष्य

सेवा पखवाड़े को लेकर भाजपा सरदा मंडल की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिले के सरदा मंडल में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई। बैठक में जिलाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं मंडल प्रभारी राजू देवांगन ,जिला भाजपा महामंत्री नरेंद्र वर्मा की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। इस दौरान उन्होंने बैठक में शामिल कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि संगठन के दिशा-निर्देशों का क्रियान्वयन मंडल अंतर्गत प्रत्येक बूथ एवं शक्ति केंद्र तक सुनिश्चित किया जाए। सेवा, स्वच्छता, स्वास्थ्य और सामाजिक सौहार्द्र को जन-जन तक एवं सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों तक पहुंचाना ही हम सबका लक्ष्य होना चाहिए। बैठक में विभिन्न सेवा कार्यक्रमों पर विषयवार चर्चा की गई, जिनमें प्रमुख रूप से सेवा स्वच्छता पखवाड़ा, स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर अन्य सेवा प्रकल्प को भव्य रूप से मनाने का आह्वान किया गया। साथ ही विशेष अवसरों पर कार्यक्रम तय किए गए जिसमें मुख्य ▶▶| शेष पेज 11 पर

## फरी स्कूल में मनाया गया हिन्दी दिवस, देश को एकता के सूत्र में बांधने वाली भाषा

# हमें अपनी राष्ट्रभाषा हिन्दी पर गर्व होना चाहिए: स्मिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्राथमिक शाला फरी विकासखंड बेमेतरा में हिंदी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रधानपाठक बजरंग शर्मा ने हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हिंदी का दिन है याने हिंदी दिवस है। हर वर्ष 14 सितंबर के दिन देश में हिंदी दिवस मनाया जाता है। आजादी मिलने के दो साल बाद 14 सितबंर 1949 को संविधान सभा में एक मत से हिंदी को राजभाषा घोषित किया गया था। इस निर्णय के बाद हिंदी को हर क्षेत्र में प्रसारित करने के लिए राष्ट्रभाषा प्रचार समिति वर्धा के अनुरोध पर 1953 से पूरे भारत में 14 सितंबर को हर साल हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। शिक्षिका स्मिता साहू ने कहा कि आज रोजगार की दुनिया में अंग्रेजी का वर्चस्व है। आज हमें सबसे हिंदी में बोलने, पढ़ने और लिखने का संकल्प लेना चाहिए। हमें अपनी राष्ट्रभाषा पर गर्व होना चाहिए। बच्चों पर अंग्रेजी लादने की बजाय उन्हें हिंदी भी सिखानी चाहिए। कोई भी भाषा तभी बची रहती है, जब शब्द बचते हैं, गढ़े जाते हैं, साहित्य रचा जाता है और ज्ञान का निर्माण होता है। देश को एकता के सूत्र में बांधने वाली हिंदी सिर्फ एक भाषा नहीं बल्कि भावों की अभिव्यक्ति है।



### हिन्दी को अधिक से अधिक उपयोग में लाएं

शिक्षिका स्मिता साहू हम सब मिलकर हिन्दी को अधिक से अधिक उपयोग में लाएं। हिंदी एक सरल और सहज भाषा है, जिसमें लिखे गए अक्षरों में कोई गूढ़ अक्षर नहीं होते, जिससे इसका उच्चारण स्पष्ट होता है। हिंदी भाषा की लिपि देवनागरी है, जिसमें इसे लिखा और पढ़ा जाता है। सभी कक्षा के बच्चों ने हिंदी मे गीत और कविता की प्रस्तुति दी।

### इनकी रही उपस्थिति

हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधान पाठक बजरंग शर्मा शिक्षिका स्मिता साहू, रखमणि साहू, सुनीता वर्मा और सभी कक्षा के छात्र- छात्राएं उपस्थित हुए।

# राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष अमरजीत का किया भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा अपने एक दिवसीय दौरे पर आज बेमेतरा पहुंचे। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज द्वारा उनका बड़े उत्साह के साथ स्वागत अभिनंदन किया गया। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के बेमेतरा जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह राजा छाबड़ा, वरिष्ठ इंदर सिंघ दत्ता ने संगत के साथ आयोग अध्यक्ष अमरजीत के शहर पहुंचने पर आतिशबाजी, पुष्पमाला, शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ सिक्ख से चर्चा कर ली जानकारी




### गुरुद्वारा में मत्था टेक कर लिए आशीर्वाद

स्वागत अभिनंदन के बाद अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने गुरुद्वारा श्रीगुरु सिंह सभा बेमेतरा में मत्था टेक कर अरदास में शामिल होकर गुरु का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने गुरु की महिमा और उनके उपदेशों को याद किया। आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के जिला अध्यक्ष हरदीप सिंह राजा छाबड़ा और संगत के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस आदर सत्कार के लिए छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज और बेमेतरा की संगत का आभारी हूं। उन्होंने छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के साथ बातचीत की उनसे सुझाव लिए समस्याओं की जानकारी ली।

## खबर संक्षेप

### कैरियर ओरिएंटेड कोर्स की वाणिज्य छात्राओं को दी जानकारी

**भिलाई।** भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं के लिए टेली प्राइम अवयेरनेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता सोमेश जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस दवरा वक्ताओं का विधिवत स्वागत कर की गई। कार्यक्रम के रूपरेखा का संक्षिप्त परिचय वाणिज्य विभाग की एचओडी डॉ. भारती वर्मा द्वारा दिया गया।

### अमेरिका में जीवंत हो उठी भारतीय संस्कृति, किया शिक्षकों का सम्मान

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई से अमेरिका में जा बसे जैन दंपति वहां भारतीयता और हिंदी को आगे बढ़ाने में अपना विशिष्ट योगदान दे रहे हैं। इसी कड़ी में अमेरिका के सेंट लुइस शहर स्थित हिंदी यूएसए हेरिटेज लैंग्वेज स्कूल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन भारत के महान दार्शनिक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर आयोजित किया गया, जिसमें 14 कक्षाओं के लगभग 200 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को गुलदस्ते, शुभकामना कार्ड और उपहार देकर अपना आभार व्यक्त किया। इस आयोजन में बच्चों ने स्वयं हस्तनिर्मित ग्रीटिंग कार्ड बनाए और शिक्षकों को उपहार भी भेंट किए। कार्यक्रम ने यह सिद्ध कर दिया कि भारतीय मूल के बच्चों को अमेरिका में रहते हुए भी अपनी जड़ों से जोड़े रखना संभव है बस ज़रूरत है समर्पण, मार्गदर्शन और समुदाय की एकजुटता की।

### स्क्रीन में पढ़ने के बजाय, किताबों के जरिए जानकारी सही और उपयोगी भी



**भिलाई।** शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में पुस्तक मेला आयोजित किया गया। इस दौरान डिजीटल युग में किताबों की महत्ता पर विशेष फोकस किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्क्रीन में पढ़ना उतना कारगर और उपयोगी नहीं होता जितना किताबों के जरिए हम जानकारी हासिल करते हैं। राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए ग्रुप डिस्कशन, भाषण, प्रश्नमंच, पोस्टर स्पर्धा सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ ज्ञान वर्धक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें है। प्रभारी प्राध्यापक डॉ नीता पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि जॉब फेयर में विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। महोत्सव के अंतिम दिन पुस्तक मेला आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न विषयों की किताबें विशेष छूट के साथ विक्रय के लिए रखी गई थीं। पुस्तक मेला का उद्घाटन कुलपति डॉ ए के झा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि किताबें ज्ञान का भंडार है किंतु वर्तमान में पढ़ने की आदत खत्म होती जा रही है। पढ़ना एक सतत प्रक्रिया है जो हमें विषय वस्तु को सही मायने में स्मृति पटल पर रखने में सफल रहती है।

## सुंदर शहर बनाने कार्ययोजना : महापुरुषों की प्रतिमाओं की होगी सफाई

# उद्योगों को एनओसी जरूरी, 28 गार्डन का होगा सौंदर्यीकरण, बंद पड़े फौव्वारे होंगे शुरू

**नगर निगम दुर्ग की पर्यावरण एवं उद्यानिकी समिति की बैठक में निर्णय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूर्व महापौर सरोज पांडेय ने जिस जगह से दुर्ग शहर को सजाया और संवारा, कुछ इसी तरह से शहर को पुनः तैयार करने की कार्ययोजना बनी है। पर्यावरण एवं उद्यानिकी समिति की बैठक में इसे लेकर निर्णय लिया गया।

वर्तमान में दुर्ग शहर में 28 गार्डन हैं, इन गार्डनों का कायाकल्प होगा। सफाई सफाई के साथ रंगरोगन कराया जाएगा। गार्डनों में 20 कर्मचारी रखे जाएंगे, जो उद्यानों की देखरेख करेंगे। महापुरुषों की प्रतिमाओं का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। बंद पड़े फौव्वारों को पुनः चालू किया जाएगा। इसकी शुरुआत राजेंद्र पार्क में बंद पड़े फौव्वारे का मेंटेनेंस कर किया जाएगा। समिति की बैठक में अध्यक्ष काशीराम कोसरे ने इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रस्ताव बनाकर इसकी स्वीकृति ली जाए और काम शुरू करा जाए। उन्होंने शहर में संचालित हो रहे उद्योगों, फैक्ट्रियों और अन्य छोटी-बड़ी कंपनियों, ट्रेडर्स की जांचने कराने कहा।

उन्होंने कहा कि निगम से एनओसी आवश्यक है, यदि नहीं ली जा रही तो तत्काल नोटिस जारी किया जाए। पर्यावरण और उद्योग विभाग से इसकी जानकारी मंगाई जाए। बैठक में समिति के सदस्य पार्षद और अधिकारी मौजूद थे।



### लोककला पथ का होगा सौंदर्यीकरण, बनेगा रोल मॉडल

लोककला पथ पर स्थापित कलाकृतियों के नए सिरे से संवारा जाएगा। उन्हें सुंदर बनाया जाएगा। रंगरोहन किया जाएगा। इससे शहर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूती मिलेगी। उद्यानों के रख-रखाव के लिए 20 से ज्यादा कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी। प्लेसमेंट में ये कर्मचारी रखे जाएंगे। प्रतिदिन सफाई, सिंचाई और पौधों की देखभाल करेंगे। 20 लाख रुपए विशेष संधारण मद से स्वीकृत किए गए हैं। इस राशि से गार्डन की मरम्मत, झूलों की व्यवस्था, पौधारोपण और फाउंटेन की देखभाल की जाएगी।

### रेलवे स्टेशन व तहसील ऑफिस के सामने सौंदर्यीकरण, होगा रंगरोगन

रेलवे स्टेशन और तहसील ऑफिस के सामने बने स्टेच्यू का रंगरोहन कर उन्हें आकर्षक रूप दिया जाएगा, ताकि शहर आने वाले लोगों को सुंदर दृश्य दिखाई दे। वार्ड-56 एसटीएफ कॉलोनी के उद्यान की सफाई, वार्ड-20 आदित्य नगर में शेखर साहू के घर के पास खाली पड़ी भूमि से अतिक्रमण हटाकर फेंसिंग कर पौधरोपण, वार्ड-55 मुक्तिधाम रोड और वार्ड-53 गणपति विहार में वृक्षारोपण, वार्ड-54 द्वारिकापुरी गार्डन की साफ-सफाई और रख-रखाव किया जाएगा। निगम क्षेत्र के सभी फाउंटेन का मेंटेनेंस भी होगा।

### उद्योगों ने नहीं ली एनओसी तो सख्ती से निपटेगा निगम, 250 से ज्यादा फर्म संचालित

बैठक में निगम क्षेत्र में स्थापित कंपनियों और उद्योगों की जानकारी संकलित करने का भी निर्णय लिया गया। काशीराम कोसरे ने कहा कि देखा गया है कि इन उद्योगों ने निगम से आवश्यक एनओसी नहीं ली है। जबकि यह नियमतः आवश्यक है। ऐसी सारी फर्मों की जानकारी संकलित की जाएगी। उन्हें नोटिस भेजा जाएगा, जो एनओसी नहीं ले, उन पर नियमतः जुर्माना कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के मुताबिक शहर में 250 से ज्यादा फर्म संचालित हो रही है। इसके अलावा आउटर में कई फैक्ट्रियां अवैध है। उनके द्वारा क्या काम किया जा रहा है इस तक की जानकारी निगम तक को नहीं है।

**व्यापारियों ने खोला मोर्चा, निकाली रैली**

# इंदिरा मार्केट दुर्ग में साइकिल स्टैंड के नाम पर अवैध वसूली



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इंदिरा मार्केट क्षेत्र में साइकिल स्टैंड की पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। यहां बाहर से आने वाले वाहनों से 1500 रुपए से दो हजार रुपए तक की डिमांड की जा रही है। बाहर के गाड़ी चालकों को डराया-धमकाया जा रहा है।

■ महापौर अल्का से मिलकर मामले को लेकर की शिकायत

इसके अलावा बाजार में स्टैंड के अलावा अन्य जगहों पर वाहन खड़े करने पर भी वसूली की जा रही है। पार्किंग नहीं देने पर गुंडागर्दी की शिकायत व्यापारियों ने की है। शनिवार को आक्रोशित व्यापारियों ने अपनी मांग को लेकर रैली निकाली। रैली की शक्ल में व्यापारी निगम पहुंचे। निगम में उन्होंने महापौर अल्का महापौर को वस्तु स्थिति से अवगत कराया। व्यापारियों ने कहा कि ब्लैक लिस्टेड ठेकेदार द्वारा पार्किंग की वसूली की जा रही है। पार्किंग ठेका किसी और के नाम पर है, चला कोई और रहा है। निगम के अधिकारियों के संरक्षण में यह खेल चल रहा है। शहर की जनता साइकिल स्टैंड कर्मियों की दादागीरी से परेशान हो गई है। उन्होंने तत्काल इस मामले में जांच कर ठेका निरस्त करने की मांग की। महापौर ने व्यापारियों की नाराजगी को देखते हुए 15 सितंबर को लिखित शिकायत देने की बात कही। व्यापारियों ने तय किया कि वे 15 सितंबर को पुनः महापौर से मिलेंगे। लिखित शिकायत देंगे। इस अवसर पर प्रकाश सांखला, पवन बड़जात्या, अरुण अग्रवाल, मितेश पटेल, पंकज जुमनानी, लव खत्री, जय पारख सहित अन्य मौजूद थे।

## 29 खंडपीठ में हुई सुनवाई, कोर्ट में लंबित 19137 मामलों में सुलह

# पति-पत्नी का झगड़ा लोक अदालत में झुलसा 6.48 लाख मामलों में 79.03 करोड़ का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया। इस दौरान पति-पत्नी के झगड़े, मारपीट, बिजली संबंधित विवाद, लोन, चेक बाउंस, मोटर व्हीकल एक्ट सहित अन्य करीब 6.48 लाख मामलों को सुलह से निपटाया गया। इस कोर्ट में लंबे समय से लंबित 19137 मामलों का भी निराकरण किया गया। करीब 79.03 करोड़ रुपए का अवार्ड पारित किया गया। नेशनल लोक अदालत के लिए जिले में 29 खंडपीठ बनाया गया था, जहां लंबित मामलों की सुनवाई के बाद निर्णय दिया गया। जिला



न्यायालय दुर्ग, कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3, व्यवहार न्यायालय पाटन, धमधा, किशोर न्याय बोर्ड दुर्ग, श्रम न्यायालय दुर्ग, स्थायी लोक अदालत दुर्ग, राजस्व न्यायालय दुर्ग, उपभोक्ता फोरम दुर्ग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के विनोद कुजूर ने लोक अदालत का शुभारंभ किया।

### खंडपीठ ने हर मामले को गंभीरता से सुना

पति-पत्नि के आपसी राजीनामा से आपराधिक मामले में खंडपीठ पीठासीन अधिकारी ने पति-पत्नी को सुलझाया। आरोपी जे लियोन्स पर मारपीट का आरोप था। समझाइश के बाद मामले का निराकरण हुआ। दिव्यांग व्यक्ति का विद्युत से संबंधित प्री-लिटिगेशन मामले में बलीराम निवासी पीसेगांव जो दिव्यांग बुजुर्ग था। उनके विरुद्ध बिजली कंपनी की 14,516 रुपए की वसूली थी। 7 हजार रुपए की राशि माफ करते हुए शेष बकाया राशि सुविधा अनुसार देने का निर्णय हुआ। प्रार्थी रईस चौहान की शिकायत पर मोहन नगर थाने में आरोपी कमला गाड़ा, केशव नाई, प्रेम ठाकुर के खिलाफ मारपीट के दर्ज मामले का भी निराकरण किया गया।

**हेल्थ कैम्प में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श भी दिए गए**

इस अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया। डॉ. निवेदिता गार्डिया सहित अन्य ने सेवाएं दी। शिविर के अलावा मोबाइल मेडिकल यूनिट वेन की व्यवस्था भी की गई थी। गुरुद्वारा शहीद बाबादीप सिंह व गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा के सहयोग से जिला न्यायालय परिसर में निशुल्क भोजन की व्यवस्था की गई थी।

# नवरात्रि से पहले लीकेज का मेंटेनेंस कर पेयजल व्यवस्था करें दुरुस्त : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर के नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न वार्डों में लीकेज व तकनीकी खराबी के चलते हो रही जल संकट को लेकर महापौर अल्का बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल के साथ जलगृह विभाग के सभी अधिकारियो की समीक्षा बैठक ली। फिल्टर प्लांट से लेकर टंकी व सप्लाई तक सभी खामियों को ठीक कर नवरात्रि से पहले पेयजल व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

बैठक में एमआईसी लीना देवांगन, आयुक्त सुमित अग्रवाल, ईई आरके जैन, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, विनोद मांझी, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर




प्रमुख रूप से मौजूद थे। निरीक्षक नारायण ठाकुर ने महापौर और आयुक्त को वस्तु स्थिति से अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि शहर के कई हिस्सों में लीकेज की समस्या है, जिनका मेंटेनेंस लगातार किया जा रहा है। महापौर ने फिल्टर प्लांट में फिटकिरी और एलम का पर्याप्त स्टॉक रखने के साथ-साथ पानी शुद्धता पर विशेष ध्यान देने कहा। शहर के कई वार्डों में पाइप लाइन फूटने व वाल लीकेज के चलते लो प्रेशर पर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जितने भी स्थानों पर लीकेज की शिकायत हैं, उन्हें सूचीबद्ध कर प्राथमिकता से ठीक किया जाए।

# मिशन क्लीन सिटी प्रशिक्षण शिविर सूरत से लौटी पालिका की टीम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सूरत (गुजरात) में कार्यशाला प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था।

इस शिविर में नगर पालिका परिषद कुम्हारी से मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, प्रेसिडेंट इन काउंसिल मेंबर्स अश्वनी कुमार देशलहरे एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि पंकज वर्मा ने भाग लिया। कुम्हारी से गई टीम को सूरत में बहुत कुछ सीखने समझने का अवसर मिला जिसके लिए सूरत महानगर म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन से डॉ कन्हैया आविर , डॉ हरभजन , डॉ प्रदीप ओबेरकर , एस एम सी प्रवीण , आदर्श , आनंद , जैमिन पाटिल , एनजीओ ईश्वर साहू एवं हिमेश पटेल का कुम्हारी नगरपालिका ने छत्तीसगढ़ शासन की ओर से धन्यवाद व्यक्त किया।

### नवरात्र की तैयारी शुरू

**पाटन।** नगर के सिद्ध शक्तिपीठ मां महामाया मंदिर समिति की बैठक में क्वार नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति शुल्क निर्धारित राशि की रसीद काटने एवं सभी सदस्यों को ज्योति जलाने अनिवार्य किया गया है। मंदिर का जीणोद्धार किया गया है जिसका चैत्र नवरात्रि के पहले प्राण प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण किया जाना है जिसके लिए प्रचार प्रसार कर समारोह को भव्य बनाने सभी सदस्य नये सदस्य के रूप में दान देकर आजीवन सदस्य बनाने की अपील की गई है। इस बैठक में प्रमुख रूप से कृष्ण कुमार भाले, दिनेश मिश्रा, योगेश निक्की भाले, केवल देवांगन, प्रमोद मिश्रा, पं. विजय सावणी, आलोक सावणी, भास्कर सावणी, वागेश वाशाशंकर, नीलू देवांगन, गंगादीन साहू, संदीप मिश्रा, सुरेश सावणी, सरोज देवांगन, आदित्य सावणी, विजय शर्मा और अनुज पटेल सहित मंदिर समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होंगे सामाजित कार्य, रक्तदान और श्रमदान से होगी शुरुआत



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भाजपा मरोदा-पुरैना मंडल द्वारा शनिवार को बैकुंठधाम मंदिर नेवई में सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर, मुख्य वक्ता मोहम्मद रज़ा खोखर, संदीप जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेण्डे, रिसाली निगम के नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र साहू थे। अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल ने सेवा पखवाड़ा के बारे में जानकारी दी। मंच संचालन उपेंद्र रिंगरी ने किया। वक्ताओं ने आगामी दिनों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को लेकर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। बताया गया कि 17 सितंबर से 2

■ मरोदा-पुरैना मंडल में सेवा पखवाड़ा को लेकर कार्यशाला

अक्टूबर तक अलग-अलग आयोजन होंगे। इस अवसर पर राजूराम, भागवत बुंदेला, संध्या वर्मा, लक्ष्मण राव, गोविंद साहू, विद्या देवी, गेंद लाल जंघेल, पार्षद विधि यादव, चंद्रप्रकाश निगम सहित अन्य मौजूद थे।

# संगीत विवि की कुलपति डॉ. शर्मा मिलीं पंडवानी गुरु तीजन बाई से

**भिलाई।** इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति डॉ लवली शर्मा ने पद्मविभूषण डॉ तीजन बाई के गृह ग्राम गनियारी भिलाई-3 पहुंच कर उनका हाल-चाल जाना। डॉ. शर्मा ने शॉल-श्रीफल और गुलदस्ता भेंट कर पंडवानी गुरु को सम्मानित किया और उनके साथ करीब घंटे भर तक बैठकर उनके स्वास्थ्य और लोक कला संस्कृति पर चर्चा की। डॉ. शर्मा की बातों को तीजन बाई ने इशारों में समझा और उनसे घुलमिल गईं। इस दौरान पंथी नृत्य में पद्मश्री सम्मान प्राप्त डॉ. राधेश्याम बारले ने तीजन बाई को डॉ. शर्मा का परिचय दिया और उनसे विस्तार से चर्चा की। इस मुलाकात के दौरान ख्याति प्राप्त लोकगायक तुषान्त बारले और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पीआरओ प्रमोद वर्मा भी उपस्थित थे। सभी ने तीजन बाई से आशीर्वाद लिया और उनके बेहतर स्वास्थ्य लाभ की कामना की।



## भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती समारोह

# ऑन द स्पॉट गेम्स और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में स्टूडेंट्स ने किया एंजॉय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती समारोह के अवसर भारती कॉलेज दुर्ग में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में एलुमिनी मीट और पुस्तक मेला का आयोजन आईक्यूएससी संकाय दवरा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए अपने अनुभव और अपनी सफलता में विश्वविद्यालय से प्राप्त शिक्षा को साझा किया।

पूर्व विद्यार्थियों ने वर्तमान विद्यार्थियों को प्रेरित किया और करियर मार्गदर्शन भी प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान परिचय, भाषण, विश्वविद्यालय पर संबोधन, क्विज़ प्रतियोगिता, ऑन द स्पॉट गेम्स और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिससे विश्वविद्यालय और पूर्व छात्रों के बीच




संबंधों को और अधिक मजबूत किया। कार्यक्रम में डॉ नीतू श्रीवास्तव जूलॉजी, विद्या चौहान साइकोलॉजी, मेघा मैनेजमेंट, आदित्य शाह मैनेजमेंट सहित अन्य संकाय के सदस्यों और विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पुस्तकों से जोड़ने और पठन-पाठन की आदत विकसित करने के प्रायोजन से पुस्तक मेला और पठन जागरूकता सप्ताह का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकाशकों ने पुस्तक प्रदर्शनी लगाई, जिनमें विषय-विशेष की पुस्तकों के साथ महापुरुषों की जीवनी और उनके सिद्धांतों पर आधारित साहित्य तथा भारत के विकास एवं छत्तीसगढ़ से जुडी महत्वपूर्ण किताबे शामिल की गई थी।

प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों को विविध विषयों की उपयोगी और ज्ञानवर्धक पुस्तकों से परिचित होने का अवसर प्रदान किया। पुस्तक मेले में 500 से अधिक विद्यार्थियों और सौ से अधिक शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र कुमार स्वर्णकार, डीन एकेडमिक्स डॉ. आलोक भट्ट और डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. स्वाति पांडेय, डॉ. मनोज मौर्या और डॉ. अजय सिंह उपस्थित थे।

# जिंदगी न मिलेगी दोबारा... छात्र हो रहे मोटिवेट, स्वदेशी अपनाने किया प्रोत्साहित

**भिलाई।** भिलाई चेम्बर द्वारा आयोजित जिंदगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम युवाओं को नई दिशा दे रहा है। स्कूल और कॉलेजों में इस कार्यक्रम को लगातार आयोजित किया जा रहा है। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने युवाओ को देश का भविष्य बताते हुए आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन पर कहा कि युवा नौकरी देने वाले बने। अपना व्यवसाय और उद्योग लगाए। उन्होंने कहा कि मिशन 2047 विकसित भारत निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम है। जिससे सकारात्मक सोच के साथ देश निर्माण होगा। आज की सबसे बड़ी समस्या बन चुकी साइबर ठगी से बचाव पर भी युवा छात्रों को जागरूक किया गया। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने स्वदेशी अपनाने पर जोर देते हुए स्वदेशी अपनाओ भारत को मजबूत बनाओ का संदेश दिया। गार्गी शंकर मिश्रा ने कहा कि युवाओं की सोच बदलेगी, तभी देश का भविष्य बदलेगा।

■ भिलाई चेंबर का आयोजन

आत्मनिर्भर बनकर ही हम भारत को विश्व में अग्रणी बना सकते हैं। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि मिशन 2047 भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना है और इस सपने को साकार करने में युवाओं की सबसे बड़ी भूमिका है। यह कार्यक्रम उन्हें सही दिशा देने का प्रयास है। दिनकर बसोतिया ने बताया कि भिलाई चेम्बर का मानना है कि छात्रों को न सिर्फ अकादमिक ज्ञान, बल्कि जीवन में सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनने की सीख देना भी आवश्यक है।

ज्ञान के साथ मनोरंजन का भी ध्यान रखते हुए इस कार्यक्रम में छात्रों से प्रश्न उत्तर भी किये गए। अंत में शंकर सचदेव ने चटपटे प्रश्न पूछकर विनर को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को नशा मुक्त की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में अनिल अग्रवाल, मनोहर कृष्णानी, सुमन कनोजे, सरोजनी पाणिग्रही, जेपी गुप्ता, महेश बंसल, पवन जिंदल, अखराज ओस्तवाल, चिन्ना राव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सार समाचार

### ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता आयोजित




**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय कॉलेज राजनांदगांव के अंग्रेजी विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में रजत जयंती समारोह कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर के मार्गदर्शन में ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि ग्रुप डिस्कशन द्वारा छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास एवं भाषा कौशल का विकास होता है। इस प्रतियोगिता के तहत प्रतिभागी अपने निर्णय क्षमता का प्रदर्शन करता है। वर्तमान समय में विभिन्न संस्थाओं द्वारा एडमिशन अथवा नौकरी के लिए के लिए ग्रुप डिस्कशन का आयोजन किया जाता है। जिसके माध्यम से प्रतिभागी के कम्युनिकेशन स्किल, लिसनिंग स्किल, विषय पर ज्ञान एवं बॉडी लैंग्वेज के आधार पर उसका चयन किया जाता है। विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता शंकर ने कहा कि ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों के आत्मविश्वास में वृद्धि करना है एवं उन्हें नए अवसरों के लिए तैयार करना है। यह प्रतियोगिता निश्चित रूप से विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों से 30 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने प्रतिभागिता की। जिसमें कुल 6 टीमें में बनाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. आराधना गोस्वामी, प्रो. वंदना मिश्रा, डॉ. प्रज्ञा मिश्रा, रोहिणी समरथ एवं डॉ. भारती सोनी ने अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपना फीडबैक दिया। निर्णायक मंडल द्वारा विजेता टीमों को 16 सितंबर को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

### मंदिर में महाकाल सेना ने अर्पित किया ध्वज



**राजनांदगांव।** महाकाल सेना ने आज गुजरात के प्रसिद्ध सोमनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर में धार्मिक परंपरा का निर्वहन करते मंदिर शिखर पर पवित्र ध्वज अर्पित किया। सेना के संयोजक पवन डागा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर ध्वज को बाबा के शिखर पर चढ़ाया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वज पूजन से हुई। जिसके बाद वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज को मंदिर शिखर पर लहराया गया। भक्तों ने "हर-हर महादेव" के जयकारों के साथ इस पल को अविस्मरणीय बनाया। इस अवसर पर जयेश चतवानी, विष्णु साव, राजू डागा, संजय तेजवानी, अशोक पांडे, राकेश यादव, टेकचंद साहू, हिमांशु गुप्ता, सागर गुप्ता, मोनू पांडे, अंकित, शेखर लश्करे, संजू बघेल, शरद सिन्हा और चेतन साहू सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। महाकाल सेना संयोजक पवन डागा ने कहा कि सोमनाथ बाबा के चरणों में ध्वज अर्पित करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यह ध्वज हमारे आस्था, एकता और संकल्प का प्रतीक है। धार्मिक आयोजनों में ध्वज अर्पण केवल परंपरा नहीं, बल्कि समाज में आस्था और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। महाकाल सेना का यह कदम युवाओं को अपनी संस्कृति और सनातन परंपराओं से जोड़ने का प्रेरणादायी संदेश देता है। उक्त जानकारी प्रचार-प्रसार प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

### मेजर ध्यानचंद हमेशा रहेंगे अनुकरणीय




**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में खेल दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता ठा.प्यारेलाल स्कूल राजनांदगांव के प्राचार्य भूषण साव शामिल थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि मेजर ध्यानचंद की जीवनी प्रेरणादायक रही। सेना में एक सैनिक के रूप में सेवा करते हुए भी उन्होंने हॉकी को अपना खेल के रूप में चुना। साथ ही अपने दमदार प्रदर्शन से सन-1928, 1932 एवं 1936 के ओलंपिक खेल में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे हमेशा खेल जगत में याद रहेंगे। मुख्य वक्ता भूषण साव ने कहा कि सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद की जयंती को खेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय बहुत अच्छा है। मेजर ध्यानचंद के अंदर देशप्रेम की भावना कूट-कूटकर भरी हुई थी। उन्हें जब हिटलर द्वारा भारत छोड़कर जर्मनी आकर खेलने पर फील्ड मार्शल पद देने की पेशकश की गई तो उन्हें उसे ठुकरा दिया था। उनका जीवन खेल के प्रति समर्पित था। हमें उन्हें आदर्श बनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि सन-2012 से मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को खेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। खेल जीवन का अभिन्न अंग है, सरकार ने फाट इंडिया की बात भी कहा है। जीवन में खेलों का शारीरिक, मानसिक और सामजिक विकास में बहुत महत्व है। हॉकी के क्षेत्र में मृणाल चौबे, रेणुका यादव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है। इस अवसर पर डॉ. अनिता महिश्वर, डॉ. केएल दामले, डॉ. महेश श्रीवास्तव, डॉ. संतोष कुमार उके, डॉ. हिरेन्द्र बहादुर ठाकुर, करूणा रावटे, मंजरी सिंह, रामू पाटिल सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### हत्या में प्रयुक्त बैसबाल डण्डा, बाईक जब्त

# दोहरे हत्याकाण्ड का फरार एक और आरोपी पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बजरंगपुर नवागांव में हुए हत्या के मामले में पुलिस ने एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है। जिससे बैसबाल डण्डा, बाईक जब्त किया गया है। इस मामले में अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी ने चिखली पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 7 सितंबर को पृथ्वी भट्ट अपने दोस्तों के साथ पुरानी रंजिश को लेकर एक राय होकर उसके घर के अंदर घुस गये। अश्लील गाली गुप्तार करते हुए मर्डर करने की बात बोलकर जान से मारने की धमकी देने लगे। तब घर वाले एवं आसपास के लोगों बीच बचाव करने पर पडोसी राकेश ढीमर व प्रार्थी के पिता को पृथ्वी भट्ट, अभय मिश्रा, जीत साहू एवं अन्य साथियों ने अपने हाथ में रखे धारदार चाकू, बेसबॉल के डंडा से प्राण घातक हमला किया। जिसमें राकेश ढीमर की मृत्यु हो गई और किशन राजपूत की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। आशीष ठाकुर के सिर में चोट लगा है। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलॉफ धारा 296, 333, 189 (4), 191 (2), 191 (3), 103 (1), 109 (1) बीएनएस, 25 27 आर्म्स एक्ट कायम किया गया।




#### दुर्ग में पकड़ाया आरोपी

पुलिस के अनुसार मामले में आरोपी पृथ्वी भट्ट, विमल कुमार यादव, शेख खान उर्फ सोनू, मोहम्मद अहमद, जीतु उर्फ जीत साहू, तौसिफ रजा, शेख रजा उर्फ रजक, रितिक भट्ट, एवं दो विधि से संघर्षरत बालक को गिरफ्तार कर लिया गया था। अन्य आरोपी फरार थे पुलिस ने 14 सितंबर को मुखबीर की सुचना पर प्रकरण के सह आरोपी शेख रेहान उम्र 19 साल गौरीनगर को दुर्ग से पकडा गया। पूछताछ करने पर आरोपी शेख रेहान द्वारा घटना घटित करना स्वीकार किया एवं घटना में प्रयुक्त बैसबाल लकड़ी का डण्डा, मोटर सायकल, मोबाइल बरामद कराया। आरोपी को विधिवत गिरफतार कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया, प्रकरण के अन्य फरार सह आरोपियों की पतासाजी की जा रही है।

# दोपहिया वाहन, जेवर चोरी के आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ डोंगरगांव पुलिस की कार्यवाही

चोरी के मामले में जांच पडताल कर रही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थिया केमेश्वरी रावटे उम्र 26 साल, निवासी ग्राम खैरवाही वर्तमान पता नांदिया चाल वार्ड नं. 15 डोंगरगांव, द्वारा 23इ जुलाई को अपने घर नांदिया चाल डोंगरगांव से सोने की चैन वजनी 4.660 ग्राम, सोने की अंगूठी वजनी 2.130 ग्राम, सोने का छल्ला वजनी 1.290 ग्राम एवं एक पेन ड्राईव कुल किमती 41500 रूपए चोरी होने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2),331(3) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वही दूसरे प्रकरण के प्रार्थिया श्रीमती संतोषी सोरी उम्र 45 साल निवासी साकेत धाम के पास मटिया रोड जिला राजनांदगांव द्वारा 1 सितंबर को अपने घर के आंगन में रखे टीव्हीएस ज्यूपीटर वाहन की चोरी होने कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगांव में धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

#### आभूषण बरामद

आरोपी चन्द्रभान वैष्णव को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की टीव्हीएस ज्यूपीटर एवं सोने की चैन, सोने की अंगूठी एवं सोने का छल्ला कीमती 41,500 रूपये को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

#### पुलिस ने आरोपी को पकड़ा

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा एवं टीम के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थिया से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुए प्रकरण में आरोपी चन्द्रभान वैष्णव को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ की। आरोपी द्वारा वाहन एवं सोने के आभूषण चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया।

# गांव-गांव में पूर्ण शराबबंदी होने से माहौल हो रहा शांत

**राजनांदगांव।** युवाओं को नशे की लत से बचने और गांव में शराब, गांजा की अवैध बिक्री रोकने राजनंदगांव जिले के विभिन्न ग्रामों में जुर्माना लगाया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से ग्राम मोखला, भर्रेगांव, आरला, सुरगी, खुटेरी, धामनसरा, जंगलेशर, माथलडबरी, मोहड़ सहित जिले के विभिन्न ग्रामों में पूर्ण शराबबंदी की गई है। मोखला में शराब की अवैध बिक्री करने वाले पर 50 हजार का जुर्माना लगाया गया है और शराब खरीदने वालों से 30 हजार का दंड लगेगा। इसी तरह सभी ग्रामों में किया गया है।

यह निर्णय लेने से गांव में शांतिपूर्ण माहौल है। जिसके बाद गांव में इसे लेकर पोस्टर भी चस्पा किया गया है। गांव में मुनादी भी कराई गई है, ताकि किसी भी हिस्से में शराब, गांजा और नशीली चीजों की बिक्री ना हो। इसके बाद गांव में नशे का अवैध कारोबार लगभग थम सा गया है। क्षेत्र के ग्रामों का पहला दूसरे गांव के लिए भी अनुकरणीय है।

दूसरी तरफ राजनांदगांव जिले की बड़े पंचायत में इसका अनुशरण नहीं किया गया है। वहां शराबियों की महफिल सज रही है। ग्राम टेडेसरा के ग्रामीणों ने बताया कि शराब भट्टी के सामने जहां बच्चे क्रिकेट एवं अन्य खेल खेलते हैं। वहां पर शराबियों का जमावड़ा रहता है और ग्राम पंचायत के मुक्तिधाम में तीन बोरिंग होने के कारण शराबियों की महफिल प्रतिदिन जमती है। पानी पाउच, डिस्पोजल और शराब की बोतल को तोड़ दी जा रही है। इस पर कोई कार्रवाई न ही ग्राम पंचायत कर रही है न ही इस पर ध्यान दिया जा रहा है।

# घर से लापता बालिका गोंदिया में मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर में किसी को बिना बताए कहीं चली गई नाबालिग बालिका की खोज खबर लेकर पुलिस ने गोंदिया से बरामद किया, जिसे उसके परिजनों को सौंपा गया।

बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी भतीजी उम्र 17 साल 7 सितंबर को घर से बिना बताए कहीं चली गई है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर अपहत बालिका एवं अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी।

#### पुलिस का आभार माना

विवेचना के दौरान अपहृत बालिका के गोंदिया (महाराष्ट्र) में होने की सूचना मिलने पर थाना स्तर पर टीम गठित कर उपरोक्त टीम को गोंदिया महाराष्ट्र रवाना कर अपहृत बालिका को गोंदिया (महाराष्ट्र) से बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। अपहृता के परिजन अपनी भतीजी को सुपुर्दनामा पर प्राप्त कर थाना बसंतपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

#### आरोपियों से शराब बरामद

सूचना के आधार पर आरोपी दउवाराम प्रजापति 61 साल निवासी मोहारा और रोमांचलदास देशलहरे 45 साल निवासी ग्राम भंवरमरा अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से शराब परिवहन करते पाए जाने से आरोपियों के कब्जे से 48 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 3450 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त बाइक जब्त एवं आरोपी दीपक यादव 40 साल निवासी लखोली के कब्जे से 31 पौवा देशी शराब कीमती 3100 रुपए एवं घटना में प्रयुक्त वाहन ई-रिक्शा को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

#### अन्य मामलों में कार्रवाई

पुलिस के अनुसार मोहल्ले में हो-हुल्डन करने वाले हर्ष पांडया 23 साल निवासी प्रभातनगर के विरूद्ध इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) भानासुसं के तहत कार्रवाई कर अनावेदक को न्यायायल के समक्ष पेश किया गया एवं न्यायालय से जारी स्थायी वारंटी आशीष उर्फ नेतराम निवासी इंदिरा नगर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, सहायक उपनिरीक्षक मनमोहन साहू, डेजलाल माण्डे, प्रधान आरक्षक विनोद जाटव, महिला प्रधान आरक्षक मेनका साहू, आरक्षक प्रवीण मेश्राम एवं आशीष मानिकपुरी की सराहनीय भूमिका रही।

# युगांतर स्कूल में हिंदी सप्ताह का आयोजन

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी सप्ताह का शानदार आयोजन संपन्न हुआ। इसके तहत कक्षा 6वीं से 8वीं तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अन्तर्गृह काव्य पाठ तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित हुई।




प्रतियोगिता में सत्यम, शिवम, सुंदरम और मधुरम गृह के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। काव्य पाठ प्रतियोगिता में प्रत्येक गृह से तीन-तीन विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें 6वीं से 8वीं तक के वर्ग में प्रथम जिया रामटेके, आराध्या, द्वितीय नवीन, तनु, तृतीय आराध्या जैन, प्रोत्साहन पुरस्कार ऋतिक नायर तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के वर्ग में प्रथम आर्या राहटगांवकर, द्वितीय सायली कोठारी, तृतीय रीत शुक्ला रहे।

इसी तरह अन्तर्गृह वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के वर्ग के पक्ष में प्रथम भक्ति नाहटा, द्वितीय ईशलीन कौर बग्गा, उमा भारती पैकरा, तृतीय ऋषा जैन तथा विपक्ष में प्रथम द्रुवि कोठारी, द्वितीय सौहार्द्र, तृतीय विहान भुरे, तारिशी सिंह राजपूत रहे। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के वर्ग के पक्ष में प्रथम हिमानी जोगी, द्वितीय वर्षा सोनी, धनंजय सोनवानी, तृतीय घनिष्ठा जैन तथा विपक्ष में प्रथम जिज्ञासा सिंह, प्रथम गोयल, द्वितीय अंकित शर्मा, तृतीय अभय सोनी रहे। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने कहा कि हिंदी सप्ताह मनाते युगांतर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। हमें इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से किसी भाषा का मर्म समझ में आता है और हमें यह अनुभव होता है कि हम भाषाई शिक्षा के किस पायदान में खड़े हैं। यह प्रतियोगिता हिंदी विभागाध्यक्ष वीएन राय के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित हुई। कक्षा 6वीं से कक्षा 8वीं की काव्य-पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक मेघा जस्सल, परमजीत ठाकुर तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक श्वेता मूंदड़ा, मधु ठाकुर रहें।

कक्षा 9वीं से 12वीं तक के वर्ग की काव्य पाठ प्रतियोगिता के निर्णायक रिंकू राय, बलवंत निषाद तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता के निर्णायक रिंकू राय, मदनमोहन कालबांधे रहे।

### क्षेत्रीय कार्यकारिणी का गठन

**राजनांदगांव।** तकनीकी संघ छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी में क्षेत्रीय कार्यकारिणी का को गठन किया गया। 13 सितंबर को प्रांतीय पदाधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी तकनीकी संघ द्वारा राजनांदगांव के संभागीय कार्यालय में कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया। जिसमें संघ द्वारा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष डॉमन लाल साहू, उपाध्यक्ष श्यामल जैन, महामंत्री टीकेंद्र साहू, सचिव संजय, मनोहर साहू, कोषाध्यक्ष नंदलाल पटेल, दिग्विजय, मीडिया प्रभारी मनु साहू, बृजेश देवांगन शामिल हैं।



# चावल तस्करी से महिलाओं में आक्रोश, कलेक्टर को ज्ञापन



■ कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्टेशनपारा वार्ड क्रमांक 11 की नवनियुक्त राशन दुकान पर महिला स्व सहायता समूह को अधिकार मिलने के बावजूद पुरूषों का दबदबा बना हुआ है। इसको लेकर वार्ड की महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। नाराज महिलाओं ने शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और राशन दुकान में चल रहे अनियमितताओं का खुलासा किया।

लक्ष्मीनारायण महिला स्व-सहायता समूह को आवंटित की गई राशन दुकान (आईडी 421001008) पर महिलाओं की जगह पुरूषों को बैठाए जाने से स्थानीय महिलाएं आक्रोशित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इससे न केवल उनकी गरिमा और सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है, बल्कि राशन वितरण व्यवस्था भी चरमरा गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि दुकान से खुलेआम चावल की तस्करी की जा रही है। गरीबों के हिस्से का चावल बाजार में बेचा जा रहा है।

जबकि जरूरतमंद परिवार राशन के लिए भटक रहे हैं। महिलाओं ने सवाल उठाया है कि आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध कार्य चल रहा है? उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग करते चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगी।

## पेज 9 के शेष

### नवागढ़ शराब दुकान में ...

जिसमें चन्दनू थाना प्रभारी राजेंद्र कश्यप शराब कोचिये से शराब बेचने की 'छूट' देने के एवज में 20 हजार रुपये लेने की बात कर रहे हैं। हालांकि, हरिभूमि यह स्पष्ट करता है कि वायरल वीडियो या ऑडियो की सटीकता और वास्तविकता की पुष्टि नहीं की गई है। जिलावासियों के लिए यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है, और सोशल मीडिया पर इसे लेकर चर्चा तेज़ बनी हुई है। सोशल मीडिया पर वीडियो को लेकर लोगों की प्रतिक्रियाएँ मिश्रित हैं। कुछ इसे सच्चाई का आइना कह रहे हैं, तो कुछ पुलिस सिस्टम की कमजोरी बताते हुए हैरानी जता रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने अब तक इस मामले में आधिकारिक टिप्पणी नहीं दी है। सूत्रों के अनुसार, वायरल वीडियो के आधार पर जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, ओर संबंधित थाना प्रभारी को हटा दिया गया है।

### सरकार की योजनाओं ......

रूप से 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस सेवा दिवस पर आसपास के स्वास्थ्य केंद्र, बस स्टैंड, स्कूल भवन आदि में सफाई स्वच्छता अभियान कर वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम आयोजित करना एवं 25 सितंबर को भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती। 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जयंती, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती तथा असत्य पर सत्य की जीत का महापर्व विजय दसमी दशहरा पर्व को सामाजिक सौहार्द्र और विजय दिवस के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

बैठक में मंडल अध्यक्ष श्री देवेंद्र वर्मा, मंडल महामंत्री राजा साहू , जिला भाजपा आईटी सेल प्रभारी गौरव मिश्रा, पप्पू वर्मा, रेखराम साहू सहित महिला मोर्चा, युवा मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं मंडल के वरिष्ठ सक्रिय कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### राज्य अल्पसंख्यक आयोग ...

ये रहे मौजूदः इस दौरान हरदीप सिंह राजा छाबड़ा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सिख समाज बेमेतरा,समाज सेवक इंदर सिंघ दत्ता, सुजान सिंघ दत्ता, जोगेंद्र छाबड़ा, जसपाल सिंघ सलूजा,अजय छाबड़ा, जगजीत सिंघ आजमानी, समाज सेवक प्रिंस सिंघ दत्ता , यश सिंघ सलूजा, राजा सचदेव, वरिष्ठ समाज सेवक गुरप्रीत कौर शैली छाबड़ा, गुरभेज सलूजा, विजय सिन्हा नगर पालिका अध्यक्ष, रोशन चांदनी दत्ता पार्षद विकास तंबोली पार्षद आकिब मलकानी पार्षद, जसबीर कौर, बबली कौर दत्ता, हरजीत कौर, सुरिंदर कौर, बबली हुरा, अनेक लोग मौजूद थे

# बस में ले जा रहे थे गांजा, पुलिस ने दो अंतरराज्यीय तस्कर को पकड़ा

**राजनांदगांव।** जिले में नशीले पदार्थ के खिलाफ शुरू किए गए अभियान के तहत अब पुलिस की कार्रवाई तेज हो गई है। इसी के तहत सोमनी पुलिस ने गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। दुर्ग से पुणे जाने वाली सवारी बस में अवैध रूप से दो आरोपी गांजा लेकर जा रहे थे। जिसकी सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को पकड़ने की कार्रवाई की है। आरोपियों से 16 किलो गांजा बरामद किया गया है। उल्लेखनीय है कि नवागांव घटना के बाद से ही पुलिस ने नशीले पदार्थ के खिलाफ अब सख्ती से एक्शन लेना शुरु कर दिया है। आला अफसरों के निर्देश अनुसार अब सभी थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के साथ ही ऐसे मामलों में कार्रवाई करने में जुटे हुए है। इसी के तहत रविवार को सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 13 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिला कि दुर्ग से पुर्ण महाराष्ट्र जाने वाले सवारी बस में बैठे दो व्यक्ति अलग-अलग बैग मे उड़सा से गांजा रखकर पुणे महाराष्ट्र जाने वाली बस में बैठे है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### डरावनी गुफा होगी लोगों के आकर्षण का केन्द्र

**कवर्धा।** नवरात्रि पर्व के शुभारंभ में अब महज कुछ दिन ही शेष रह गए हैं। जैसे-जैसे पर्व करीब आ रहा है, शहर की दुर्गा समितियां अपने-अपने पंडालों को भव्य और आकर्षक रूप देने में जुटी हुई हैं। मंदिरों की साफ-सफाई से लेकर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापना तक की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बार राज महल कॉलोनी स्थित डड़सेना भवन के पास नवदुर्गा उत्सव समिति जिले की सबसे ऊंची 14 फीट की भव्य प्रतिमा स्थापित करने जा रही है। इसके साथ ही समिति द्वारा झांकी के रूप में डरावनी गुफा तैयार कर रही है जो लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेगी। समिति के मुताबिक गुफा को इस तरह डिजाइन किया जा रहा है कि श्रद्धालु इसमें प्रवेश करते ही अलग ही माहौल का अनुभव करेंगे। गुफा के अंदर स्थापित अनेकों मूर्तियां और विशेष सजावट दशकों को अद्भुत एहसास कराएगी। अंधेरे और रोशनी के संयोजन से तैयार की गई यह गुफा बच्चों और बड़ों दोनों के लिए रोमांचक पेश करेगी।

### की जा रही विश्वकर्मा जयंती की तैयारियां

**कवर्धा।** वाहन चालक संघ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। संघ के मुताबिक जयंती के मौके पर 17 सितम्बर को स्थानीय बस स्टैण्ड में भगवान विश्वकर्मा की भव्य प्रतिमा की स्थापना कर पूजा अर्चना की जाएगी। जिसकी तैयारियां संघ द्वारा की जा रही हैं।

### पदक विजेता खिलाड़ियों से मिले डिप्टी सीएम विजय शर्मा



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के होनहार बच्चों ने अपनी मेहनत और लगन से पूरे प्रदेश में जिले का नाम रौशन किया है। राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों ने आज उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से विधायक कार्यालय कवर्धा में सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। हाल ही में बिलासपुर में आयोजित 22 वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय एथलेटिक्स बालक-बालिका प्रतियोगिता 2025 में कवर्धा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में जिले के बच्चों ने कुल 24 पदक अपने नाम किए, जिनमें 8 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि कवर्धा के बच्चों ने मेहनत, अनुशासन और लगन से यह साबित कर दिया है कि छोटे-छोटे नगर और गांव से भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी निकल सकते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार इन खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने जानकारी दी कि जिले में 24 मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है, जहां गांव-गांव के बच्चों की प्रतिभा निखरेगी और उन्हें जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

# पुजारियों को 15,000 मासिक मानदेय देने की मांग, मुख्यमंत्री से करेंगे मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेमेतरा में चतुर्वर्णार्थ धर्म स्तंभ काउंसिल की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें प्रदेश के पुजारी, पुरोहित, और भागवताचार्यों के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए गए। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि छत्तीसगढ़ के सभी पुजारी-पुरोहितों को दिल्ली की तर्ज पर प्रतिमाह 15,000 का मानदेय दिया जाए। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के संरक्षक नागा संत हरिशंकर दास ने कहा कि पुजारी और पुरोहित समाज की आस्था के संरक्षक हैं और उन्हें सम्मान और सुरक्षा देना सरकार का कर्तव्य है। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के संयोजक डॉ. सौरव निर्वाणी ने कहा कि यह मानदेय केवल पुजारियों तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि कबीरपंथी, सिख, सतनामी और सिंधी समाज सहित सभी परंपराओं के गृहस्थ संतों को भी इस योजना में शामिल किया जाना चाहिए।

## पुजारी संघ ने सभी धर्म के पुजारियों को लिए की वकालत



### बैठक के प्रमुख निर्णय

- पुजारियों, पंडितों और भागवताचार्यों के लिए दिल्ली की तरह 15,000 मासिक मानदेय की मांग।
- सभी धर्मों और परंपराओं के गृहस्थ संतों को भी इस योजना में शामिल करने का प्रस्ताव।
- अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को मांग-पत्र सौंपा जाएगा।

इस पहल का प्रदेश के सभी पुजारी-पुरोहितों ने स्वागत किया है और इसे सनातन संस्कृति की सेवा करने वालों के लिए एक सराहनीय कदम बताया है।

### मुख्यमंत्री से होगी मुलाकात

बैठक में यह भी तय हुआ कि जल्द ही एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात करेगा और उन्हें इस मांग को लेकर एक औपचारिक पत्र सौंपेगा। इस योजना को सुचारू रूप से लागू करने के लिए जिला, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर पुजारियों की संख्या और अन्य जानकारी इकट्ठा की जाएगी। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के प्रदेशाध्यक्ष महंत सुरेंद्र दास ने कहा कि उनका लक्ष्य प्रदेश के सभी हिंदू समाज के पुजारियों को एक मंच पर लाना है।

## तैयारी : मूर्तिकार से लेकर मंदिर तथा दुर्गोत्सव समितियां व्यस्त

# जिले में नवरात्रि की तैयारियां शुरू, मूर्तिकार दुर्गा मां काली की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले व मुख्यालय के देवी मंदिरों में शारदीय नवरात्र पर्व की तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है। आगामी 22 सितम्बर से प्रारंभ होने वाले नवरात्र पर्व को ध्यान में रखते हुए स्थानीय तथा बाहर से आए मूर्तिकार भगवान गणेश की प्रतिमाओं के निर्माण से फुर्सत होने के बाद अब मिट्टी को देवी का रूप देने में पूरी शिद्दत से जुटे है। हाल ही में गणेश प्रतिमाओं के निर्माण से फुर्सत हुए नगर में कई मूर्तिकार अपने पूरे परिवार के साथ देवी दुर्गा, मां काली के अलावा दुर्गोत्सव समितियों के आर्डर के अनुसार मूर्ति बनाने में दिन-रात जुटे गए है। नगर के मूर्तिकारों ने बताया कि प्रतिमाओं को आकार दिया चुका है और फिनिसिंग की जा रही है। अगले चरण में कलर और सिंगार आदि किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उन्हें नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में आर्डर मिले है। जिसके हिसाब से वे विभिन्न रंग, रूप की प्रतिमाओं का निर्माण कर रहे हैं।

- शारदीय नवरात्रि पर्व की तैयारियों में शिद्दत से जुटी धर्म नगरी

### मंदिरों व शक्तिपीठों में भी तैयारियां तेज

नवरात्र पर्व के आगमन को देखते हुए स्थानीय मां भद्रकाली मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां परमेश्वरी मंदिर, मां दुर्गा मंदिर, मां कालीका मंदिर, सिद्धि माता मंदिर के समिति प्रबंधकों ने भी मंदिरों की साफ-सफाई तथा रंग रोगन का कार्य प्रारंभ कर दिया है। समिति प्रबंधकों ने बताया कि ज्योति कलश स्थापना के लिए कक्ष को तैयार किया जा रहा है तथा पूरे मंदिर व मंदिर प्रांगण की विशेष साफ-सफाई तथा रंगरोगन कर आकर्षक बनाया जा रहा है। गत वर्ष स्थापित ज्योति कलश की संख्या को देखते हुए कुम्हारों को कलश तैयार करने आर्डर भी दिए जा चुके है। साथ ही समितियो की बैठक में लिए गाए निर्णय के अनुसार घृत ज्योति कलश के लिए राशि तय कर दी गई है। मंदिर समिति द्वारा निर्धारित शुल्क पर ज्योतिकलश की रसीद काटना प्रारंभ कर दिया गया है।



### धूमधाम से मनाया जायेगा दुर्गोत्सव पर्व

वहीं पर्व को पूरी श्रद्धाभक्ति से मनाने नगर के दर्जनों छोटी-बड़ी दुर्गोत्सव समीतियों ने भी अपनी अपनी तैयारियां प्रारंभ कर दी है। दुर्गोत्सव समितियों ने समिति के सदस्यों की बैठक लेकर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करने पण्डाल आदि निर्माण कार्य की रूप रेखा तय कर ली है। यहां बताना लाजिमी होगा की नगर में मुख्य रूप से बाजार पारा, नया बस स्टेंड चौक, बीटीआई मैदान, प्रताप चौक, दुर्ग रोड, नया पारा कचहरी पारा, वार्ड 20 सहित अन्य स्थानों में मां दुर्गा को भव्य एक मनमोहक प्रतिमाएं स्थापित की जाती है। मूर्तिकारों की लगन और मंदिर व दुर्गोत्सव समितियों की तैयारियों को देखकर कहा जा सकता है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष में नगर में नवरात्र पर्व की धूम रहेगी।

## थान खम्हरिया में नवरात्रि की तैयारी शुरू, कुंभकार बना रहे देवी प्रतिमाएं

**थान खम्हरिया।** नगर में क्वार नवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। कुंभकार समाज के मूर्तिकार देवी दुर्गा की प्रतिमाओं को आकार देने में जुट गए हैं। इस साल भी 22 सितंबर से शुरू होने वाले इस पर्व में नगर और ग्रामीण इलाकों में देवी की आराधना की जाएगी। मूर्तिकारों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में पीओपी (प्लास्टर ऑफ पेरिस) पर प्रतिबंध के कारण वे केवल मिट्टी और चाक मिट्टी का उपयोग कर रहे हैं। थान खम्हरिया की सुंदर और आकर्षक मूर्तियां बेरला, देवकर, धमधा, साजा, पिपरिया, बिरोड़ा और सहसपुर लोहारा जैसे इलाकों तक मशहूर हैं। नगर के जाने-माने मूर्तिकार दौवा कुंभकार, चंदन कुंभकार, धन्नू कुंभकार और अन्य कलाकार अपनी हस्तकला से 3 फीट से लेकर 7 फीट तक की मूर्तियां बना रहे हैं। ये मूर्तियां बांस, बल्ली, पैरा और मिट्टी से तैयार की जाती हैं, जिन्हें बाद में पॉलिश करके अंतिम रूप दिया जाता है।



### इस साल 10 दिनों की होगी नवरात्रि

पंडित मोहन नारायण शास्त्री के अनुसार, इस साल क्वार नवरात्रि 22 सितंबर से शुरू होगी और चौथ की तिथि दो दिन होने के कारण यह पर्व 10 दिनों का होगा। महाअष्टमी 30 सितंबर को और विजयादशमी 2 अक्टूबर को मनाई जाएगी। शास्त्री जी ने कहा कि नवरात्रि में देवी की उपासना से यश और सफलता मिलती है। नगर में सागरमल धर्मशादा, नया बस स्टैंड, पुरानी सब्जी मंडी, गोल बाजार और अन्य 12 से अधिक स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी, जिनकी तैयारी शुरू हो चुकी है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भी मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाएगी, जिसके लिए मंदिरों की साफ-सफाई और रंग-रोगन का काम चल रहा है। इन तैयारियों से पता चलता है कि इस साल नवरात्रि काफी धूमधाम से मनाई जाएगी।

# सामाजिक संस्था सहयोग ने चलाया स्वच्छता पर जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर में सहयोग संस्था ने स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें डस्टबिन का उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है। संस्था के अध्यक्ष डॉ. सुभाष चौबे व सदस्यों ने व्यापारियों से व्यक्तिगत तौर पर मिलकर जन जागरण अभियान प्रारंभ किया और उनसे आग्रह किया कि वे कचरा डस्टबिन में डालें। जन जागरूकता अभियान के प्रभारी डॉ. लाला राम साहू ने व्यापारियों से आग्रह किया कि वे दुकानों के सामने डस्टबिन रखें और ग्राहकों को भी इसका उपयोग करने की सलाह दें। संस्था के मीडिया प्रभारी संतोष चांडक ने बताया कि सहयोग आगामी महीनों में प्रत्येक रविवार को जन जागरण अभियान चलाएगी और लोगों से शहर को स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा बनाने में योगदान देने की अपील करेंगे।

### व्यापारियों की समस्या और संस्था की पहल

अभियान के दौरान व्यापारियों ने बताया कि कचरा ले जाने वाली गाड़ी प्रातः दुकान खुलने से पहले आ जाती है और रात में दुकान बंद होने के बाद आती है, जिससे मजबूरी में डस्टबिन का अतिरिक्त कचरा सड़कों पर डालना पड़ता है।इस पर सहयोग संस्था ने व्यापारियों की समस्याओं को पालिका तक पहुंचाने और समस्या के निवारण की बात कही।

### अभियान में उपस्थित सदस्य

इस अवसर पर डॉ. सुभाष चौबे, डॉ. लाला राम साहू, गिरीश मिश्रा, रमन काबरा, संतोष चौहान, राजकुमार साहू, राजेश शर्मा, राज सिन्हा, मुन्ना माखीजा, संतोष चांडक, कमलेश साहू, संजय भूतड़ा, हसन कदारी, जीवन शर्मा, संजय दुबे, रामा मोटवानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# झनक लेंजवारा ग्रामीण इकाई साहू समाज के दूसरी बार बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ग्राम लेंजवारा के कर्मा भवन में साहू समाज द्वारा बैठक आयोजिक कर साहू समाज के ग्रामीण इकाई का पदाधिकारी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष दाउ झनक राम साहू को सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, महिला उपाध्यक्ष रनिया बाई साहू, कोषाध्यक्ष फत्ते राम साहू, सचिव ओमप्रकाश साहू, संगठन सचिव राधेश्याम साहू, संगठन सचिव महिला पूर्णिमा साहू सर्वसहमति से चुना गया। इस अवसर पर समाज के अवध राम साहू, मेहतरु, पिलूराम साहू, प्रकाश साहू, लवकुश साहू, ढेलू राम साहू सहित साहू समाज के सभी नया पार अध्यक्ष एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे। बता दें कि दाउ झनक राम साहू को लगातार दूसरी बार उनकी समाज के प्रति कार्य निष्ठा और त्याग, संगठन मजबूत करने की क्षमता को देखते हुए अध्यक्ष बनाया गया है।

## स्कूल, कॉलेज और नगर विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं व स्वच्छ नगर व्यवस्था हमारी प्राथमिकता : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विधायक दीपेश साहू ने नगर एवं विभिन्न शैक्षणिक परिसरों का व्यापक निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक सुधार हेतु दिशा-निर्देश दिये। सबसे पहले उन्होंने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा में नवीन भवन निर्माण हेतु स्थल का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने कहा की बेमेतरा मे एक ऐसे बालक स्कुल का निर्माण हो जिनकी चर्चा पुरे छत्तीसगढ़ मे होनी चाहिए। सभी सर्वसुविधाओं से सुसज्जित हो विद्यालय भवन कहा। विधायक ने कहा कि आधुनिक कक्षाएं, प्रयोगशालाएं और सुरक्षित अधोसंरचना विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की ओर अग्रसर करेगी।स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या विद्यालय परिसर में निरीक्षण कर छात्राओं के लिए बेहतर शिक्षा व सुविधाओं पर जोर दिया।इस दौरान उन्होंने अधिकारियो को निर्देशित किया की स्कुल भवन मे किचन स्टॉप रूम प्रिंसिपल रूम और सुरक्षा गार्ड के लिए एक रूप भी बनायें जाये।



साथ ही एक हाई टेक मीटिंग हॉल भी बनाया जाये जिसे समय समय आयोजित होने वाले बैठक सफल पूर्वक आयोजित हो सके। साथ ही उन्होंने अधिकारियो को कन्या शाला के ग्राउंड को मुर्मिकारण करवाने के निर्देश भी दिये।

जिसके पश्चात विधायक साहू पी.जी. कॉलेज बेमेतरा में 3 करोड़ की लागत से बनने वाले भव्य ऑडिटोरियम हेतु स्थली निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि यह ऑडिटोरियम विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों के सांस्कृतिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक आयोजनों का केंद्र बन सके। इसके साथ चौपाटी एवं पिकरी तालाब का निरीक्षण कर स्वच्छता, सौंदर्यीकरण एवं दुकानों की सुव्यवस्थित व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। नगर के मुख्य बाजार का निरीक्षण कर नागरिकों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही।नगर स्थित भद्रकाली तालाब एवं कालिका तालाब का निरीक्षण कर संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण कार्यों को गति देने के निर्देश दिए।नगर पालिका बेमेतरा में निर्माणाधीन अटल परिसर का निरीक्षण कर गुणवत्ता और समयबद्ध कार्य पर बल दिया।

विधायक दीपेश साहू ने कहा –बेमेतरा के विकास और शिक्षा को सुदृढ़ बनाने का कार्य निरंतर जारी है। आधुनिक विद्यालय भवन, ऑडिटोरियम और अटल परिसर जैसी परियोजनाएँ न केवल बेमेतरा को नई पहचान देंगी बल्कि विद्यार्थियों व नगरवासियों के भविष्य को भी सशक्त बनाएंगी। हमारी प्राथमिकता है – स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक बेमेतरा का निर्माण। यह केवल भवन और ढाँचे का निर्माण नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियोंलिए अवसर और उज्ज्वल भविष्य की नींव है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, पार्षद पंचू साहू, विकाश तम्बोली ,गौरव साहू ,नीतू कोठारी ,चांदनी रोशन दत्ता ,रवि मुलवानी ,लक्की साहू ,आकिब मलकानी ,सिमरन ताम्रकार ,खिलेश्वरी शिव पाटिल, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष प्रेमलता नेमा गुप्ता, रेवा राम निषाद, दीनानाथ साहू , सी एम ओ, इंजिनियर, आर्कीटेक्ट, भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्त्ता नगरवासी, स्कूल एवं कॉलेज के के प्राचार्य, शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## हिन्दी दिवस पर भेंडरवानी स्कूल में विविध कार्यक्रम हुआ

# हिंदी हमारे जीवन मूल्यों, संस्कृति, संस्कारों की परिचायक है: अर्जुन वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक विद्यालय भेंडरवानी, विकासखण्ड साजा, में हिन्दी दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने विविध सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से हिन्दी भाषा के महत्व को उजागर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा मधुर हिन्दी गीत से हुई, जिसने वातावरण को राष्ट्रभक्ति और मातृभाषा के प्रति सम्मान से सराबोर कर दिया। इसके बाद बच्चों ने कविता पाठ प्रस्तुत कर हिन्दी साहित्य की सुंदरता और गहराई को अभिव्यक्त किया। भाषा के प्रति रुचि और कौशल विकसित करने के लिए शब्द पहचान खेल का आयोजन हुआ, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। नारा प्रतियोगिता और भाषण में विद्यार्थियों ने हिन्दी भाषा के महत्व और उपयोगिता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। नाटक प्रस्तुति ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और हिन्दी के प्रति भावनात्मक जुड़ाव को और प्रगाढ़ किया। साथ ही, चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कला के माध्यम से हिन्दी दिवस का संदेश दिया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों, शिक्षकों और उपस्थित अतिथियों ने हिन्दी भाषा को अधिक से अधिक व्यवहार में लाने और उसका सम्मान करने की शपथ ली।




इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा एवं सहायक शिक्षक सनत कुमार साहू की विशेष उपस्थिति और मार्गदर्शन रहा, जिनके प्रयासों से यह आयोजन सफल एवं सार्थक बन सका।

